
**प्रकाश चन्द्र उपाध्याय**

**रा0उ0मा0वि0 खूनाबोरा(चम्पावत)**

**E mail- upadhyayprakash88@gmail.com**



Project Guide-

पृष्ठभूमि– कक्षा–10 की सामाजिक विज्ञान की कक्षा में जब बच्चों से भारत में राष्ट्रवाद नामक अध्याय के अंतर्गत छात्रों से शिक्षक ने अमृतसर तथा गोरखपुर आदि स्थानों को मानचित्र में ढूंढ़ने को कहा तो उन्होंने पाया कि एक–दो विद्यार्थियों को छोड़कर बाकी को उक्त स्थानों को ढूंढ़ने में काफी दिक्कत महसूस हुई। बच्चे मानचित्र में स्थलों को पहचान नहीं पा रहे थे। इसके साथ ही बच्चे मानचित्र संबंधी प्रश्नों में विशेष रुचि भी नहीं ले रहे थे। सामाजिक विज्ञान विषय में मानचित्र संबंधी प्रश्न अत्यधिक महत्वपूर्ण होते हैं।

बच्चों की इस प्रकार की कठिनाई और अरुचि को देखकर शिक्षक ने सोचा कि क्यों न बच्चों का मानचित्र संबंधी प्रश्नों के अभ्यास तथा उनमें रुचि उत्पन्न करने के लिए आइ.सी.टी का प्रयोग किया जाय। शिक्षक ने बच्चों से उक्त संबंध में वार्तालाप किया और बच्चों से उनकी कठिनाई के कारण जानने के साथ ही अरुचि का कारण भी पूछा।

शिक्षक– बच्चो! क्या आपको मानचित्र संबंधी प्रश्नों में कोई कठिनाई महसूस होती है?

छात्र मनोज– सर! जब हम मानचित्र को देखते हैं तो हमें सभी स्थान एक से लगते हैं। यदि हम मानचित्र संबंधी प्रश्नों को हल करने का प्रयास करते हैं तो अगली बार पुनः हमें सभी स्थान एक से लगते हैं।

शिक्षक– अच्छा बच्चो! आप लोग मानचित्र हल करते समय इनका बार–बार अभ्यास क्यों नहीं करते हैं, जिससे आपको इस प्रकार के प्रश्न समझ में आने लगें।

छात्र हरीश– सर जब हम मानचित्र संबंधी प्रश्न हल करते हैं तो हमें बहुत बोरियत महसूस होती है।

शिक्षक– अच्छा। यदि आप लोगों के लिए कोई गतिविधि या किसी अन्य माध्यम से इस प्रकार के प्रश्न हल करने हेतु कहा जाए तो क्या आप लोगों को अच्छा लगेगा?

सभी बच्चे – उत्साहपूर्वक। यदि ऐसी कोई गतिविधि होगी तो अवश्य हम मानचित्र संबंधी प्रश्नों को आसानी से हल कर पाएंगे और हमारे स्थाई ज्ञान में भी वृद्धि होगी।

शिक्षक ने छात्रों की इस समस्या के समाधान के लिए मानचित्र संबंधी प्रश्नों को हल करने हेतु आईसीटी की सहायता ली। उन्होंने इमेज हॉटस्पॉट के माध्यम से छात्रों के लिए गतिविधि आधारित अभ्यास तैयार किए, जिसमें सभी बच्चे बढ़–चढ़कर प्रतिभाग करने लगे।

Title- सामाजिक विज्ञान विषय के अंतर्गत मानचित्र शिक्षण में आई.सी.टी. का प्रयोग।

Problem Statement- मानविकी विषयों (सामाजिक विज्ञान तथा भूगोल आदि) में मानचित्र शिक्षण में छात्र–छात्राओं को अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

Proposed Solution- मानचित्र संबंधी प्रश्नों को हल करने के लिए इमेज हॉटस्पॉट आदि के माध्यम से मानचित्र शिक्षण को आसान बनाया जा सकता है। सबसे पहले हम इमेज हॉटस्पॉट के फीचर वाले एप्लिकेशन को इंस्टॉल करते हैं, इसके उपरांत इसमें एक बैकग्राउंड इमेज लगाई जाती है और उसमें विषय/संबोध से संबंधित हॉटस्पॉट लगाए जाते हैं। ये इमेज हॉटस्पॉट इंटरएक्टिव होते हैं, जिसमें क्लिक करके मानचित्र संबंधी विभिन्न विषयों को आसानी से समझाया जा सकता है।

Tools/Technology Used- H5p/Lumi आदि एप्लिकेशन के माध्यम से इमेज हॉटस्पॉट आदि टूल का प्रयोग किया गया, जिसके माध्यम से मानचित्र संबंधी प्रश्नों को किसी बैकग्राउंड इमेज में हॉटस्पॉट लगाए गए।

Step-by-step Plan- मानचित्र संबंधी इमेज हॉटस्पॉट बनाने के लिए चरणवार निम्नलिखित प्रक्रिया अपनाई जाएगी–

Step 1- सर्वप्रथम H5p/Lumi एप्लिकेशन को डाउनलोड किया जाएगा।


Step 2- उक्त एप्लिकेशन में सर्वप्रथम Sign Up किया जाएगा।

Step 3- इसके उपरांत अपनी डिटेल यूजर आईडी और पासवर्ड डालने के बाद लॉगिन किया जाएगा।

Step 4- एप्लिकेशन में विभिन्न प्रकार के अत्यधिक उपयोगी फीचर्स हैं।


Step 5- इसके उपरांत Creat new content में क्लिक करें।

Step 6- विभिन्न प्रकार के विकल्पों में से इमेज हॉटस्पॉटस के विकल्प का चयन करें।




Step 7- इसके उपरांत सर्वप्रथम टाइटल बार में अपनी एक्टिविटी से संबंधित टाइटल लिखेंगे।


Step 8- टाइटल देने के बाद एड बटन को क्लिक करेंगे।




Step 9- इसके उपरांत गैलरी से बैकग्राउंड इमेज को सलेक्ट करेंगे।


Step 10- अपनी आवश्यकता के अनुसार एल्टरनेटिव टेक्स्ट को सलेक्ट करें।

Step 11- इसके बाद हॉटस्पॉट आइकन को सलेक्ट करें।





Step 12- हॉटस्पॉट आइकन के बाद हॉटस्पॉट कलर को सलेक्ट करें।

Step 13- इसके उपरांत पॉपअप कंटेंट में से टेक्स्ट, वीडियो, इमेज, ऑडियो में से अपनी आवश्यकता के अनुसार कंटेंट का प्रकार चुनें।




Step 14- इसके उपरांत एड हॉटस्पॉट में क्लिक कर आवश्यकता के अनुसार हॉटस्पॉट एड कर सकते हैं।




Learning Outcomes- 1. छात्र मानचित्र संबंधी प्रश्नों को आसानी से हल कर पाते हैं।

2. मानचित्र संबंधी प्रश्नों में छात्रों की रुचि उत्पन्न होती है।

Link to Hackathon Theme/SDGs- *Digital tools for education.*

Video Tutorial-  Video Link

https://youtu.be/Wqpn5gEd1u4?si=6igPaE4NAIaY-Ce0